GREENLAWNS HIGH SCHOOL
TERMINAL EXAMINATION YEAR 2021- 2022

SUBJECT : HINDI **CLASS : V**
DATE :27/9/2021 **MARKS : 40**
TIMING :1 HOUR 15 MINUTES

सूचना :- **प्रश्न**पत्र के सभी **प्रश्नों** के उत्तर composheet पर लिखकर Pdf बनाकर Teams पर Upload कीजिए ।

प्रश्न १ निम्नलिखित विषयों में से किसी <u>एक विषय</u> पर निबंध लिखिए। [8]

i) रक्षाबंधन ii) मेरा प्रिय खिलाड़ी iii) ऑनलाइन कक्षा में मेरा पहला दिन

प्रश्न २ निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए **प्रश्नों** के उत्तर लिखिए। [5]

एक समय की बात है, एक गाँव में एक वैद्यजी (DOCTOR) रहते थे। वैद्यजी के पास कभी- कभार कोई मरीज आता था क्योंकि उस गाँव में ज्यादातर लोग बीमार नहीं पड़ते थे। इससे वैद्यजी की आजीविका में बहुत समस्या आती थी। एक दिन वैद्यजी अपनी झोपड़ी से बाहर निकले और एक पेड़ के नीचे जाकर बैठे। तभी उन्हें उस पेड़ के कोटर (SOCKET) में एक साँप दिखाई दिया। वैद्यजी सोचने लगे कि अगर यह साँप किसी को काट खाए तो कितना अच्छा हो। मैं उसे ठीक करके अच्छा खासा धन कमा सकता हूँ। तभी वैद्यजी की नजर सामने खेल रहे **बच्चों** पर पड़ी। उन्होंने **बच्चों** के पास जाकर कहा – “देखो ! **बच्चों** उस पेड़ के कोटर में मिट्टू मिया बैठे हैं।” **बच्चे** तो **बच्चे** होते हैं , उनमें से एक **बच्चा** दौड़ा और सीधे जाकर कोटर में हाथ डाल दिया। संयोग से साँप की मुण्डी उसके हाथ में आ गई। जैसे ही उसने साँप को बाहर निकाला तो डर के मारे उछाल दिया। नीचे अन्य **बच्चों** के साथ वैद्यजी खड़े थे। साँप सीधा वैद्यजी के ऊपर आकर गिरा और उन्हें कई जगह डस लिया। तड़पते हुए वैद्यजी की जान निकल गई। इसलिए कहते है – “ कर बुरा तो हो बुरा ”
शिक्षा – दोस्तों ! इसलिए मनुष्य को हमेशा दूसरों का भला सोचना चाहिए, और भला ना हो सके तो कमसे कम बुरा तो नहीं सोचना चाहिए।

प्रश्न -

i) गाँव में कौन रहता था ?

ii) वैद्यजी के पास कभी- कभार ही कोई मरीज क्यों आता था?

iii) पेड़ की कोटर में कौन था ?

iv) संयोग से **बच्चे** के हाथ में क्या आ गया ?

v) इस कहानी से आपको क्या सीख मिलती है ?

प्रश्न ३ निर्देश (instruction) के अनुसार उत्तर लिखिए।

१) **निम्नलिखित** शब्दों के दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। [2]

i) दिन .... ii) घर ....

२) **निम्नलिखित** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। [2]

i) आदान .... ii) संतोष ....

iii) कोमल .... iv) निंदा ....

३) **निम्नलिखित** शब्दों के लिंग बदलिए । [2]

i) माली .... ii) इंद्र ....

iii) मामा .... iv) महोदय ....

४) **निम्नलिखित** शब्दों के वचन बदलिए। [2]

i) सभा .... ii) झाड़ी ....

iii) ऋतु .... iv) नहर ....

५) **निम्नलिखित** मुहावरों के अर्थ लिखिए । [2]

i) कान पकड़ना ....

ii) गले का हार ....

प्रश्न ४ १) **निम्नलिखित प्रश्नों** के उत्तर एक – एक वाक्य में लिखिए। [५]

i) बचपन में गाँधी जी कैसे विद्यार्थी थे ?

ii) पिपीलिका किसे कहा गया है ?

iii) गाँधी जी को रेखागणित से भी अधिक मुश्किल क्या लगती थी ?

iv) पिपीलिका किसकी निगरानी करती है ?

v) गोकुल और गोविंद को बीच में ही स्कूल क्यों छोड़ना पड़ गया ?

२) किसने – किससे कहा । [2]

i) " यह तो सोचो कि तुम किसके लड़के हो ? धर्म की भाषा तुम नहीं पढ़ना चाहते?"

.... ने ....

ii) " तब तो बड़ी अच्छी नौकरी है तुम्हारी । "

.... ने ....

३) शब्दार्थ लिखिए । [2]

i) प्रतिस्पर्धा - .... ii) अविरत - ....

iii) दुर्ग - .... iv) खल - ....

४) **निम्नलिखित प्रश्नों** के उत्तर लिखिए ।

i) गाँधी जी मास्टर कृष्णशंकर का उपकार क्यों मानते थे ? [2]

ii) पिपीलिका कविता से आप क्या समझते हैं ? [3]

iii) गोविंद ने गोकुल को अपने बारे में क्या बताया ? [3]